VIDYA®
UNIVERSITY PRESS



# समाज एवं संस्कृति



BASED ON NEP GUIDELINES

5

# 1. अपने ग्रह को जानिए

## कक्षा गतिविधि

1. नीची 2. सीमाओं 3. समतल 4. दिशा 5. कुँजी

## पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (b), 2. (c), 3. (b), 4. (d), 5. (b)

**(ख)** 1. दक्षिणी 2. समतल 3. सन्तरे 4. सात 5. भारत

**(ग)** 1. (✓), 2. (✗), 3. (✗), 4. (✗), 5. (✗).

**(घ)** 1. उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम
2. सड़क, रेलमार्ग, नगर, महानगर
3. दिशाएँ, दूरी, रंग योजना, संकेत
4. राजनीतिक, भौतिक, जलवायु, वनस्पति
5. सीमाएँ, राजधानियाँ, सड़कें, नदियाँ

**(ङ)** 1. पैमाना 2. पूर्व 3. दक्षिण-पूर्व 4. गहरा भूरा
5. रंगीन वृत्त या दोहरे वृत्त

**(च)** 1. समतल सतह पर बनाया गया चित्र मानचित्र कहलाता है।
2. मानचित्र देश-विदेश और उनके छोटे-छोटे भागों—राज्य, जिला और तहसील के भी बनाए जा सकते हैं। मानचित्रों को मोड़ा जा सकता है, बेलन की तरह लपेटा जा सकता है और कहीं भी ले जाया जा सकता है। उन्हें किसी पुस्तक में भी छापा जा सकता है।
3. ग्लोब मानचित्र की तुलना में अधिक यर्थाथ है क्योंकि यह पृथ्वी का सरल और सटीक प्रतिनिधित्व करता है।
4. ग्लोब की तुलना में मानचित्र अधिक उपयोगी होता है क्योंकि मानचित्र छोटे स्थानों का अधिक विवरण प्रदर्शित करता है। हम अपने मकान या विद्यालय का मानचित्र बना सकते हैं जबकि ग्लोब पर ऐसा करना सम्भव नहीं होता है।
5. हम मानचित्र पर चार दिशाएँ निम्न प्रकार ज्ञात कर सकते हैं कि सबसे ऊपर उत्तर दिशा, नीचे दक्षिण, हमारे बाईं ओर पश्चिम दिशा और हमारे दाईं ओर पूर्व दिशा होती हैं।
6. मानचित्र पर दूरी और पृथ्वी पर वास्तविक दूरी के अनुपात को पैमाना कहते हैं।
7. मानचित्रों में विभिन्न संकेत इसलिए प्रयोग किए जाते हैं क्योंकि इनका उपयोग विभिन्न वस्तुओं और स्थानों को दिखाने के लिए किया जाता है। संकेतों से हमे सीमाएँ, राजधानी, महत्त्वपूर्ण नगर, सड़क, नदी और रेलमार्ग का पता चलता है।
8. मानचित्र में विभिन्न भू-आकृतियाँ दिखाने के लिए विभिन्न रंग प्रयोग किए जाते हैं। महासागर, झील और बड़ी नदियाँ नीले रंग से, निचली भूमि या मैदान को हरे रंग से, पठार को पीला रंग और पर्वतों को गहरा भूरा रंग से दिखाया जाता है।

9. हमारी पृथ्वी सन्तरे की तरह ऊपर और नीचे से थोड़ी चपटी है। भारत और अमेरिका पृथ्वी के विपरित किनारों पर स्थित है। इसलिए जब हम अन्तरिक्ष से भारत को देख पाते हैं तो अमेरिका को नहीं देख पाते है।

**कीजिए और सीखिए**

**(छ)** स्वयं करें।

**(ज)** स्वयं करें।

**(झ)** स्वयं करें।

❑

# 2. अक्षांश व देशान्तर रेखाएँ

**कक्षा गतिविधि**

1. 360° 2. $66\frac{1}{2}$° उ० 3. $23\frac{1}{2}$° द० 4. 0°
5. दक्षिणी ध्रुव

**पढ़ें और उत्तर दें**

**(क)** 1. (c), 2. (d), 3. (d), 4. (a), 5. (d).

**(ख)** 1. छोटी होती 2. समान 3. संतरे 4. नमूना
5. ग्रीनविच 6. कर्क

**(ग)** 1. (ii), 2. (iv), 3. (v), 4. (iii), 5. (i)

**(घ)** 1. (✓), 2. (✓), 3. (✗), 4. (✗), 5. (✗).

**(ङ)** 1. ध्रुव 2. देशान्तर रेखाएँ 3. कक्षा
4. विषुवत् रेखा 5. 90° 6. धुरी

**(च)** 1. ग्लोब पृथ्वी का एक छोटा गोलाकार नमूना (मॉडल) होता है।

2. उत्तरी ध्रुव और दक्षिणी ध्रुव के ठीक बीच में एक वृत्त खींचा गया है जिसे विषुवत वृत्त या विषुवत रेखा कहते हैं। यह पृथ्वी को दो बराबर भागों में बाँटता है।

3. लन्दन के निकट ग्रीनविच की वेधशाला से गुजरने वाली देशान्तर रेखा को प्रधान मध्याह्न रेखा या ग्रीनविच रेखा कहते है।

4. ग्लोब पर पूर्व से पश्चिम की ओर खींची गई वृत्ताकार रेखाओं को अक्षांश रेखाएँ कहते हैं। ये रेखाएँ ग्लोब के चारों ओर एक-दूसरे के समानान्तर होती हैं जबकि उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक खींची गई अर्द्ध-वृत्ताकार रेखाओं को देशान्तर रेखाएँ कहते हैं। ये एक-दूसरे के समानान्तर नहीं होती हैं।

5. ग्लोब पर अक्षांश और देशान्तर रेखाओं का एक जाल खींचा गया है जिसे ग्रिड कहते हैं। ग्रिड विभिन्न स्थानों की स्थिति ज्ञात करने में सहायता करता है।

6. स्वयं करें।

### कीजिए और सीखिए

(छ) स्वयं करें। (ज) स्वयं करें।

(झ) स्वयं करें।

❑

# 3. जलवायु की विभिन्नताएँ

### कक्षा गतिविधि

1. आर्द्रता 2. जलवायु 3. अक्षांश 4. तापमान

5. न ज्यादा गर्म न ज्यादा ठण्ड़ी (समान)

### पढ़ें और उत्तर दें

(क) 1. (d), 2. (c), 3. (d).

(ख) 1. समुद्र तल से ऊँचाई 2. ऊष्ण 3. पसीना
4. ठण्डी और नम 5. कम 6. नम

(ग) 1. (iv), 2. (iii), 3. (ii), 4. (i).

(घ) 1. किसी स्थान के वायुमण्डल की दशा का काफी लम्बे समय तक लगभग नियमित या औसत रूप जलवायु कहलाता है।

2. किसी स्थान की किसी समय की वायुमण्डल की दशा को मौसम कहते हैं जबकि जलवायु किसी स्थान का नियमित या औसत रूप है। मौसम घण्टे दर घण्टे बदलता रहता है जबकि जलवायु नहीं बदलती है।

3. दोपहर को सूर्य ठीक हमारे सिर के ऊपर चमकता है और सूर्य की किरणें सीधी पड़ती है। गर्मी की समान मात्रा कम क्षेत्र में फैलती है इसलिए दोपहर का समय बहुत गर्म होता है।

4. पृथ्वी के तीन प्रकार के जलवायु कटिबन्धों के नाम— उष्ण कटिबन्ध, शीतोष्ण कटिबन्ध और शीत कटिबन्ध हैं।

5. सूर्य की किरणें विषुवत रेखा और इसके निकट सीधी या लम्बवत् पड़ती है जिससे प्रति इकाई क्षेत्र को अधिक गर्मी प्राप्त होती है जबकि विषुवत रेखा से दूर जाने पर तापमान कम हो जाता है। अत: किसी स्थान की विषुवत रेखा से दूरी इसकी जलवायु को प्रभावित करती है।

6. सम जलवायु वह जलवायु होती है जिसका तापमान न तो बहुत गर्म होता है और न ही बहुत ज्यादा ठण्ड़ा होता है। जबकि विषम जलवायु वह जलवायु होती है जिसका तापमान गर्मी की ऋतु में बहुत गर्म और सर्दी की ऋतु में बहुत ठण्ड़ा हो जाता है।

7. जब मानसून पवनें किसी पर्वत से टकराती है तो वे ऊपर उठती है ऐसा होने पर वे ठण्ड़ी होकर वर्षा करती है अत: पर्वतों पर प्राय: वर्षा होती रहती हैं।

**कीजिए और सीखिए**

(ङ) स्वयं करें। (च) स्वयं करें।

(छ) स्वयं करें। (ज) स्वयं करें।

(झ) स्वयं करें।

❑

# 4. सघन वनों की धरती : काँगो

**कक्षा गतिविधि**

1. सी-सी 2. बंतू 3. काँगो 4. पिग्मी 5. ओकापी
6. कसावा

**पढ़ें और उत्तर दें**

(क) 1. (b), 2. (b), 3. (b), 4. (c), 5. (c)

(ख) 1. आर्द्र 2. किंशासा 3. बन्तू 4. 80 5. खनन
6. कटांगा

(ग) 1. (vi), 2. (v), 3. (iv), 4. (iii), 5. (i),
6. (ii).

(घ) 1. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य गर्म-आर्द्र घने वनों का मुख्य उदाहरण है क्योंकि यह लगभग पूरा ही घने वृक्षों से ढका हुआ है। विषुवत रेखा लगभग इसके मध्य से होकर गुजरती है।

2. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य में प्रतिदिन वर्षा इसलिए होती है क्योंकि यह अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित है। विषुवत रेखा लगभग इसके मध्य से होकर गुजरती है। यहाँ दोपहर तक गर्मी बहुत अधिक बढ़ जाती है। गर्मी से झीलों, नदियों और तालाबों का बहुत अधिक जल वाष्प बनकर उड़ जाता है और दोपहर को भारी वर्षा होती है।

3. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य में सब्जियाँ, मक्का, मूँगफली, केले, कसावा, रबड़, ताड़, कॉफी और कपास की फसलें उगाई जाती हैं।

4. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य की जलवायु गर्म-आर्द्र प्रकार की है क्योंकि यह अफ्रीका के पश्चिमी समुद्रतट पर स्थित है और विषुवत रेखा इसके मध्य से गुजरती है।

5. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य में पाए जाने वाले चार खनिज-हीरा, सोना, ताँबा और टिन हैं।

6. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य में पाए जाने वाले पाँच जन्तुओं के नाम-भैसें, हिप्पोपोटेमस, गैंडे, सुअर और ओकापी हैं।

7. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य के वनों की मुख्य विशेषताएँ निम्नलिखित है—

(i) खिली चमकती धूप और भारी वर्षा के कारण यहाँ पौधों की असाधारण वृद्धि (बढ़त) होती हैं।

(ii) यहाँ वनों में हजारों प्रकार के पौधे पाए जाते हैं। वृक्षों पर हर समय फूल, फल, पुरानी पत्तियों के गिरने और नई पत्तियों के उगने जैसी प्रक्रियाएँ होती रहती हैं। अत: इन्हें सदाबहार वन कहा जाता है।
(iii) वृक्ष 60 मीटर या उससे ऊपर तक ऊँचे होते हैं।
(iv) अनेक आरोही पौधे वृक्षों पर लिपटकर ऊपर चढ़ जाते हैं और वनस्पति को अधिक घना कर देते हैं।
(v) वनस्पति इतनी घनी होती है कि उसे काटकर उसके बीच से रास्ता नहीं बनाया जा सकता है।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें।
(च) स्वयं करें।
**(छ)** स्वयं करें।

❑

# 5. रेत की धरती (सऊदी अरब)

### कक्षा गतिविधि

1. मरुद्यान 2. टिब्बे 3. बद्दू 4. ऊँट 5. खनिज तेल

### पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (d), 2. (c), 3. (d), 4. (c)
**(ख)** 1. रेगिस्तान 2. मक्का 3. रियाद 4. नमक 5. नागफनी 6. खनिज तेल
**(ग)** 1. (✓), 2. (✓), 3. (✗), 4. (✗), 5. (✓)
**(घ)** 1. (iii), 2. (v), 3. (vi), 4. (ii), 5. (iv), 6. (i).

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** 1. सऊदी अरब की जलवायु कठोर है। आकाश में बादल नहीं होते हैं और सूर्य की किरणें लगभग पूरे वर्ष सीधी पड़ती है। जिसके कारण दिन में रेत बहुत जल्दी गर्म हो जाता है जबकि रातें ठण्ड़ी और सुहावनी हो जाती है क्योंकि रेत बहुत जल्दी ठण्ड़ा हो जाता है।
2. मरुस्थल में उगने वाले पौधों की प्रमुख विशेषताएँ निम्नलिखित हैं—
(i) जल इकट्ठा करने के लिए इनका तना मुलायम और मांसल होता है।
(ii) इनमें पत्तियाँ नहीं होतीं जिनसे जल वाष्प बनकर नहीं उड़ता।
(iii) जन्तुओं से रक्षा करने के लिए इनमें काँटे पाए जाते हैं।

3. बद्दू लम्बे, ढीले सफेद चोगे पहनते हैं और सिर को वे पगड़ी या बड़े रूमाल से ढके रहते हैं। वे ऐसे वस्त्र इसलिए पहनते हैं जिससे सूर्य की भयंकर गर्मी और रात की ठण्ड़ से बचे रहें।
4. सऊदी अरब के मरुद्यान निवासी गेहूँ, जौ, तरबूज और खजूर की फसलें उगाते हैं।
5. पशुओं के बालों से बद्दू वस्त्र, गलीचे और रस्सियाँ बनाते हैं।
6. सऊदी अरब में खनिज तेज मिलने से और इसे सारे संसार को बेचने से यह इतना धनी देश बन गया। जिसका उपयोग लगभग सभी आधुनिक वाहनों को चलाने के लिए किया जाता है।

**कीजिए और सीखिए**

**(च)** स्वयं करें।
**(छ)** स्वयं करें।

❑

# 6. शीतोष्ण घास के मैदान (प्रेयरी)

**कक्षा गतिविधि**

1. घास के मैदान 2. रिजका 3. प्रेयरीज 4. शिकागो
5. रैंच 6. मकान के बाहरी भाग में

**पढ़ें और उत्तर दें**

**(क)** 1. (b), 2. (b), 3. (b), 4. (c), 5. (b).
**(ख)** 1. रैंच 2. डेयरी फार्मों 3. वेल्ड 4. गेहूँ
5. दक्षिणी अमेरिका
**(ग)** 1. (✗), 2. (✓), 3. (✓), 4. (✓), 5. (✗).
**(घ)** 1. खेत जोतना, बीज बोना, फसल काटना
2. गेहूँ, जौ, राई
3. दूध, मक्खन, बीफ
4. स्टेपीज, पम्पास, वेल्ड्स
**(घ)** 1. प्रेयरी की जलवायु शीतोष्ण है। सर्दी की ऋतु में बहुत ठण्ड पड़ती है। गर्मी की ऋतु में गर्मी होती है, किन्तु उतनी नहीं जितनी विषुवत रेखीय प्रेदशों में होती है। यहाँ अक्सर वसन्त ऋतु में हल्की वर्षा होती है।
2. घास के मैदानों में केवल घास ही उगती है क्योंकि यहाँ की जलवायु और मिट्टी घास के उगने के लिए अनुकूल है, किन्तु वृक्षों के उगने के लिए अनुपयुक्त है।
3. प्रेयरी को विश्व की गेहूँ की टोकरी इसलिए कहते हैं क्योंकि यहाँ के किसान केवल अपने लिए ही नहीं बल्कि दूसरे देशों को निर्यात करने के लिए भी पर्याप्त गेहूँ उगाते हैं।

4. कृषि में बड़ी मशीनों से निम्नलिखित लाभ हैं—
   (i) खेत जोतना, बीज बोना, फसल काटना, गहाई, पछोरना आदि कम मशीनों से होता है।
   (ii) सैकड़ों मजदूरों का काम मशीनें कुछ ही घण्टों में कर देती हैं।
   (iii) मशीनें होने पर किसानों की सहायता के लिए बहुत कम व्यक्तियों की आवश्यकता होती हैं।
5. वे घास के खुले मैदान जहाँ लोग अपने पशुओं को चराते हैं रैंच कहलाते हैं।
6. प्रेयरी से अन्य देशों को गेहूँ और बीफ निर्यात किए जाते हैं।

**कीजिए और सीखिए**

**(ङ)** स्वयं करें।
**(च)** स्वयं करें।

❑

# 7. बर्फ की धरती (ग्रीनलैण्ड)

**कक्षा गतिविधि**

1. इग्लू   2. रेंडियर   3. परका   4. कयाक   5. हारपून

**पढ़ें और उत्तर दें**

**(क)** 1. (d),   2. (a),   3. (b).
**(ख)** 1. शिकार   2. पानी   3. उत्तर-पूर्व   4. नूक
5. चर्बी की मोटी परत
**(ग)** 1. (iv),   2. (vi),   3. (v),   4. (vii),   5. (iii),
6. (i),   7. (ii)
**(घ)** 1. ध्रुवीय प्रदेश में बर्फ कभी नहीं पिघलती जबकि टुण्ड्रा प्रदेश सर्दी की ऋतु में बर्फ से ढका रहता है, किन्तु गर्मी की ऋतु में वहाँ कोई बर्फ नहीं रहती है।
2. बर्फ के बड़े-बड़े टुकड़े जो समुद्र में तैरते रहते हैं और पहाड़ी जैसे दिखाई देते हैं हिमशिला कहलाते हैं ये तब बनते हैं जब बर्फ के बड़े टुकड़े टूटकर समुद्र में गिरते हैं।
3. ठण्ड से रक्षा के लिए ग्रीनलैण्ड के जन्तुओं की त्वचा पर घने बाल (मोटा समूर) और त्वचा के नीचे चर्बी की मोटी परत होती है।
4. एस्कीमों पैन्ट, जैकेट और घुटनों तक लम्बे जूते पहनकर ठण्ड से अपनी रक्षा करते हैं। ये लोग अपने वस्त्र जन्तुओं की खाल और समूर से बनाते हैं। उनके जैकेट या कोट से जुड़ा हुआ टोपा होता है जिससे वे अपना सिर ढ़कते हैं।
5. एस्कीमों अपने औजारों, कपड़ों, जूतों, नावों, ईंधन और भोजन के लिए जन्तुओं पर निर्भर होते हैं। स्लेज जो बिना पहियों की गाड़ी होती है हस्की कुत्तों या रेंडियरों द्वारा खींची जाती है। एस्कीमों सील की खाल को हड्डियों के ढाँचे पर लगाकर छोटी-छोटी नावें बनाते हैं।

6. ग्रीनलैण्ड की जलवायु बहुत ठण्ड़ी होती है और यहाँ कभी वर्षा नहीं होती हैं। सर्दी की ऋतु लम्बी और भयानक होती है क्योंकि अक्सर यहाँ बर्फ गिरती रहती हैं और ठण्ड़ी हवाएँ चलती रहती हैं। गर्मी में दो-तीन महीने तक दिन का उजाला रहता है। सूर्य का उजाला होने पर भी तापमान शायद ही जमाव बिन्दु से ऊपर जाता है।
7. ग्रीनलैण्ड का जन्तु जीवन पौधों के जीवन की तुलना में बहुत समृद्ध हैं। भूमि पर रहने वाले प्रमुख जन्तु केरिबू, कस्तूरी बैल, ध्रुवीय रीछ, रेंड़ियर, कुत्ते, ऊदबिलाव, लोमड़ी, खरगोश और भेड़िया हैं। तटीय क्षेत्र लाखों पक्षियों की शरणस्थली हैं। यहाँ का समुद्र सील, वॉलरस और व्हेलों से समृद्ध हैं।
8. एस्कीमों लोगों के जीवन में आधुनिक काल में हुए चार परिवर्तन निम्नलिखित हैं—
   (i) अनेक एस्कीमों लकड़ी के बने आधुनिक मकानों में रहते हैं।
   (ii) वे शिकार के लिए राइफल और मछली पकड़ने के लिए मोटर-बोट का उपयोग करते हैं।
   (iii) वे जमी हुई मछली और समूर का निर्यात भी करते हैं।
   (iv) वे बड़ी तेल कम्पनियों में और सड़क निर्माण में कार्य कर रहे हैं।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें।　　**(च)** स्वयं करें।

❑

# 8. दूरियों का मापन

### कक्षा गतिविधि

1. ट्रांस-साइबेरियन　2. एयर इण्ड़िया　3. राजमार्ग　4. ग्राण्ड ट्रंक रोड
5. पनामा नहर　6. तेल टैंकर

### पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (c),　2. (b),　3. (a),　4. (a),　5. (c).

**(ख)** 1. (✗),　2. (✗),　3. (✗),　4. (✗),　5. (✓),
6. (✓)

**(ग)** 1. गंगा, राईन, यांग्त्सेक्यांग
2. मास्को, पेरिस, न्यूयॉर्क
3. जेट प्लेन, जंबो जेट, फाइटर प्लेन
4. कार्गो, तेल टैंकर, लक्जरी लाइनर
5. न्यूयॉर्क, लन्दन, टोक्यो
6. राजधानी एक्सप्रेस, बुलेट ट्रेन, ग्रैण्ड वितैसे
7. ग्राण्ड ट्रंक रोड, बर्मा रोड, इण्डो-तिब्बत रोड

**(घ)** 1. रेलमार्ग परिवहन का उपयोगी साधन इसलिए है क्योंकि यह लम्बी यात्रा के लिए बहुत सुविधाजनक होता है। यह सड़क परिवहन से अधिक सुरक्षित, सस्ती और सुविधापूर्ण हैं। रेलगाड़ी तेज गति से बड़ी संख्या में यात्रियों और बड़े-बड़े सामान को लम्बी दूरी तक ले जाती हैं।

2. परिवहन का सबसे सस्ता साधन जल परिवहन हैं क्योंकि जलमार्ग बनाने नहीं पड़ते हैं और न ही इनके रख-रखाव की आवश्यकता होती हैं। इसलिए जल परिवहन सारे संसार में बहुत अधिक प्रयोग होता है।

3. स्वेज नहर भूमध्य सागर को लाल सागर से जोड़ती है वर्तमान में जलयानों को मुम्बई से लन्दन पहुँचने में केवल दो सप्ताह लगते हैं जो पहले छः महीने लगते थे क्योंकि उन्हें पूरे अफ्रीका महाद्वीप का चक्कर लगाना पड़ता था।

4. पुल के ऊपर या नीचे से दो या अधिक जाने वाली सड़के फ्लाईओवर कहलाती हैं। इन्हें इसलिए बनाया जाता है क्योंकि एक सड़क दूसरी सड़क को केवल फ्लाईओवर जंक्शन पर पार करती हैं। इस प्रकार वाहन किसी चौराहे पर रुके बिना लगातार चल सकते हैं।

5. पहिया, इंजन और खनिज तेल से परिवहन के सब साधनों में क्रान्ति आयी।

6. संसार का सबसे महत्त्वपूर्ण जलमार्ग (लन्दन से न्यूयॉर्क तक) उत्तरी अटलांटिक हैं। यह यूरोप को अमेरिका से जोड़ता है।

7. वायु परिवहन के निम्नलिखित लाभ हैं—
   (i) वायुयान पर्वतों, वनों, मरुस्थलों और महासागरों को तेज गति और सरलता से पार कर लेता है।
   (ii) बड़े वायुयान एक बार में लगभग 400 यात्री ले जा सकते हैं।
   (iii) वायुयान भारी मात्रा में सामान भी ले जा सकते हैं।
   (iv) वायुयान लगभग 1000 किलोमीटर प्रति घण्टा की गति से उड़ते हैं।
   (v) हेलीकॉप्टर संसार के किसी भी दुर्गम और दूर-दराज के कोने तक पहुँच सकते हैं।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें।

**(च)** स्वयं करें।

❑

# 9. विचारों और भावनाओं का आदान-प्रदान

### कक्षा गतिविधि

1. प्रोजेक्टर  2. स्टूडियो  3. टेलीग्राफ  4. डॉक्यूमेन्ट्री  5. रेडियो
6. रेडियो स्टेशन

## पढ़ें और उत्तर दें

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | 1. (a), | 2. (a), | 3. (c). | | |
| (ख) | 1. रेडियो | 2. जन | 3. टेलीप्रिन्टर | 4. टेलीफोन | 5. फैक्स |
| (ग) | 1. (ii), | 2. (vi), | 3. (iv), | 4. (v), | 5. (iii), |
| | 6. (i) | | | | |

(घ) 1. टेलीग्राफ में सन्देश तारों के माध्यम से भेजे जाते हैं। हम अपने सन्देश टेलीग्राफ द्वारा कुछ ही मिनटों में भेज सकते हैं लेकिन ये सन्देश प्राप्तकर्त्ता को कुछ घण्टों बाद प्राप्त होते हैं जबकि टेलीफोन के द्वारा हम देश में कहीं भी रहने वाले व्यक्ति से बात कर सकते हैं और सुन सकते हैं।

2. सिनेमा और टेलीविजन में टेलीविजन सबसे अधिक लोकप्रिय और उपयोगी है क्योंकि यह हमें ताजा समाचार, जानकारी और मनोरंजन प्रदान करता है। यह राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक घटनाओं को रिकॉर्ड करके या घटना के समय सीधे ही प्रसारण करता है। यह किसानों, विद्यार्थियों और गृहणियों के लिए भी विशेष कार्यक्रम प्रसारित करता है।

3. रेडियो पूरे संसार में आवाज का प्रसारण करता है जबकि टेलीविजन चित्रों, आवाज, संगीत आदि को कार्यक्रमों के रूप में प्रसारित करता है।

4. मानव-निर्मित उपग्रहों को बड़े-बड़े रॉकेटों द्वारा अन्तरिक्ष में छोड़ा जाता है और उन्हें अन्तरिक्ष में प्रक्षेपित किया जाता है। वे पृथ्वी के किसी स्थान से सिग्नल (संकेत) लेकर उसके विभिन्न भागों तक प्रसारित कर देते हैं। इस प्रकार रेड़ियों, टेलीफोन, टेलीविजन के सिग्नल सारे संसार में अधिक तेजगति से प्रसारित और अधिक स्पष्ट रूप से प्राप्त होते हैं।

5. हम समाचार-पत्र में विशेष लेख, कहानियाँ, कार्टून तथा व्यापार, खेल जगत, फिल्मी जगत, सांस्कृतिक, वैज्ञानिक, तकनीकी विचार और चिन्तन सम्बन्धी लेख आदि पढ़ सकते हैं।

6. टेलीविजन पर राजनीतिक, सामाजिक और सांस्कृतिक आदि प्रकार के कार्यक्रम प्रसारित किए जाते हैं।

7. संचार उपग्रह पृथ्वी के किसी स्थान से सिग्नल (संकेत) लेकर और उन्हें पृथ्वी के विभिन्न भागों में प्रसारित करके संचार में हमारी सहायता करते हैं।

8. फैक्सिमिल (फैक्स) द्वारा लिखे हुए, छपे हुए सन्देश या चित्र की प्रति (कॉपी) की दूर स्थित दूसरे फैक्स में बिल्कुल वैसी ही नकल छप जाती है।

9. दर्शकों का ध्यान आकर्षित करने के लिए उत्पाद की विशेषताओं और स्लोगन के बारे में एक विज्ञापन बनाया जाता है।

## कीजिए और सीखिए

(ङ) स्वयं करें।

(च) स्वयं करें।

❑

# 10. ज्ञान का संसार

## कक्षा गतिविधि

1. शून्य विधि 2. सुमेरियाई 3. जॉन गुटेनबर्ग 4. देवनागरी
5. चित्रकारी 6. चित्रात्मक

## पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (a), 2. (a), 3. (c), 4. (c).

**(ख)** 1. (✗), 2. (✗), 3. (✗), 4. (✓), 5. (✓)

**(ग)** 1. मिस्त्र, चीन 2. सुमेरियन, ब्राह्मी
3. लेटर प्रेस, ऑफसेट प्रेस 4. देवनागरी, रोमन
5. बाँस, मुलायम लकड़ी का गूदा

**(घ)** 1. ज्ञान पृथ्वी पर सबसे बड़ी शक्ति है जबकि साक्षरता मनुष्य को सामाजिक बनाने वाला मुख्य कारक है। इसलिए मनुष्य यह तय करने में सक्षम है कि क्या अच्छा है और क्या बुरा। अपने देश की प्रगति में साक्षर लोगों की बड़ी भूमिका होती है।

2. मनुष्य इस पृथ्वी पर रहने वाले सभी प्राणियों में सबसे बुद्धिमान है। उसने अतीत के अनुभव और वर्तमान के गहन अवलोकन से ज्ञान प्राप्त किया। इसलिए ज्ञान को संरक्षित करने आवश्यकता महसूस की गई क्योंकि इसे याद रखना और पूरी तरह से वर्णन करना सम्भव नहीं था। इस ज्ञान को संरक्षित करने और इसे दूसरों तक पहुँचाने के लिए उसने लिपि की आवश्यकता महसूस की और लेखन कला विकसित की।

3. जापान, चीन और कोरिया की लिपियाँ चित्रात्मक हैं।

4. जब मनुष्य शिकारी था, उसको मारे गए पशुओं के साथ-साथ उनकी संख्या की पहचान करने की आवश्यकता थी। इसलिए उसने उतने पशुओं के चित्र बनाए जितने उसने देखे थे। बाद में उसने एक पशु का चित्र बनाकर उसके चारों ओर उतने बिन्दु लगा दिए जितने पशु थे। जब मनुष्य ने पशुओं को पालना शुरु किया तो उसे उनकी गिनती करनी पड़ती थी। वह एक लम्बी रस्सी में उतनी गाँठे लगा लेता था, जितने पशु थे। धीरे-धीरे उसने हाथों की दस अँगुलियों का उपयोग गिनने के लिए किया।

5. पहले की किताबें हाथ से लिखी जाती थी। वे बहुत महँगी होती थी, क्योंकि लिखने वाले का बहुत समय लगता था। इसलिए प्रारम्भिक पुस्तकें बहुत महँगी थी।

6. मुद्रणालय (छापाखाना) ज्ञान के संरक्षण और प्रसार की पद्धति में एक क्रान्ति थी। मुद्रण से तात्पर्य कम समय में किसी पुस्तक की अधिक प्रतियाँ तैयार करना है। किताबों के माध्यम से लोग नई तकनीकों को समझ सकते हैं और उनका उपयोग पैसे कमाने के लिए कर सकते हैं। वे बीमारियों को रोक सकते हैं और अच्छे स्वास्थ्य को बनाए रख सकते हैं। वे अपने सोचने, बोलने और व्यवहार के तरीकों में सुधार कर सकते हैं।

7. शून्य की अवधारणा का आविष्कार भारतीयों ने किया था। इसके (0) के साथ गिनना बहुत आसान हो गया। संख्याओं की यह दशमलव प्रणाली अरब पहुँची, जिनके माध्यम से यह यूरोप पहुँची और इण्डो-अरेबिक संख्याएँ कहलायी, बाद में ये अन्तर्राष्ट्रीय नम्बर बन गई।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें। **(च)** स्वयं करें।

**(छ)** स्वयं करें।

**(ज)** लुई ब्रेल, मुद्रण (छपाई मशीन, ब्लॉक प्रिंटिंग)।

❑

# 11. स्वास्थ्य एवं चिकित्सा में उन्नति

### कक्षा गतिविधि

1. एक्स-रे 2. पाश्चुरीकरण 3. क्लोस्ट्रीडियम टिटेनी 4. स्टेथोस्कोप 5. क्लोरोफॉर्म

### पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (d), 2. (d), 3. (a)

**(ख)** 1. डी. डी. टी. 2. सूक्ष्मदर्शी 3. एन्टीबायोटिक्स 4. थर्मामीटर 5. चेचक

**(ग)** 1. (ii), 2. (i), 3. (iv), 4. (iii)

**(घ)** 1. इटली के एक वैज्ञानिक गैलीलियों ने फ्लीआग्लास बनाने के बारे में सुना जिसमें दो अलग-अलग लेन्सों को एक-दूसरे के सामने रखा गया था। फिर उन्होंने भी दो अलग-अलग लेन्सों का उपयोग करके एक फ्लीआग्लास बनाया, लेकिन इसे माइक्रोस्कोप कहा गया। चूँकि सूक्ष्मदर्शी बहुत छोटी वस्तु को बहुत बड़ी दिखाता है, जिससे हम उन वस्तुओं को भी देख सकते हैं, जो आँखों द्वारा दिखाई नहीं देती। इस प्रकार यह रोगों की चिकित्सा में सहायता करता है।

2. स्टेथोस्कोप की मदद से डॉक्टर दिल और सांस की आवाज सुनता है। इस प्रकार वह रोगी की सामान्य स्वास्थ्य स्थिति का पता लगाता है।

3. अल्ट्रासाउण्ड मशीन डॉक्टरों को मानव शरीर के अन्दर प्रत्येक अंग की स्थिति और बीमारी का पता लगाने में मदद करती है। ये मशीनें इंसानों के लिए हानिरहित होती है।

4. क्लोरोफॉर्म, एक एनेस्थेटिक ने सर्जिकल ऑपरेशन को अधिक सामान्य और दर्द रहित बना दिया है।

5. इंग्लैण्ड के एक डॉक्टर एडवर्ड जेनर चेचक के रोगियों की चिकित्सा किया करते थे। एक दिन उन्होंने किसी ऐसे व्यक्ति के बारे में सुना, जो चेचक से संक्रमित नहीं था; क्योंकि उसे पहले गौ-चेचक हो चुकी थी। यह एक साधारण रोग था जिसके

लक्षण चेचक से मिलते-जुलते थे और इससे पीड़ित लोग दो-तीन दिन में ही ठीक हो जाते थे। एडवर्ड जेनर ने इस पर विचार किया और एक सामान्य लड़के फिप पर एक प्रयोग किया। चेचक और गौ-चेचक में रोगी के शरीर पर दाने निकलते हैं। जिनमें से मवाद जैसा तरल पदार्थ निकलता हैं। जेनर ने गौ-चेचक के रोगी के मवाद का फिप के शरीर में इन्जेक्शन लगा दिया फिर प्रयोग के बाद उन्हें यह पुष्ट हो गया कि गौ-चेचक के रोगी को कभी भी चेचक नहीं हो सकता। तब चेचक रोधी टीका बनाया गया।

6. कीटाणुओं को नष्ट करने के उपाय निम्नलिखित हैं—
   (i) हम जो कुछ भी खाते या पीते हैं उसे पहले उबालना चाहिए। बीमार व्यक्ति को उबला हुआ पानी पिलाना चाहिए।
   (ii) रसायनों द्वारा कीटाणुओं को मारा जा सकता है। उदाहरण के लिए कार्बोलिक एसिड, डी.टी.टी.।
   (iii) स्वच्छता, नियमित व्यायाम और पोषक भोजन स्वास्थ्य की देखभाल के लिए बुनियादी चीजें हैं।
7. स्वास्थ्य की देखभाल के लिए मूल बातें निम्नलिखित हैं—
   (i) हमें अपने शरीर और पर्यावरण दोनों की स्वच्छता पर ध्यान देना चाहिए।
   (ii) हमें प्रतिदिन स्नान करना चाहिए और भोजन करने से पहले हाथ धोने चाहिए।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें।
**(च)** स्वयं करें।
**(छ)** लुई पाश्चर, कैट स्कैनर, डॉक्टर द्वारा स्टेथोस्कोप का प्रयोग।

❑

# 12. स्वतन्त्रता की ओर

### कक्षा गतिविधि

1. ब्रिटिश अंग्रेज 2. मेरठ 3. वास्को-डी-गामा 4. व्यापारिक केन्द्र
5. कालीकट

### पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (c), 2. (a), 3. (c).
**(ख)** 1. मेरठ 2. विदेशों 3. अंग्रेजों 4. मीर जाफर
5. वास्को-डी-गामा
**(ग)** 1. (✗), 2. (✓), 3. (✗), 4. (✓), 5. (✓)

**( घ )** 1. बहादुर शाह जफर, तांत्या टोपे, कुँवर सिंह
2. हॉलैण्ड, फ्रांस, ब्रिटेन
3. कपास, नील, रेशम
4. सूरत, बम्बई (मुम्बई), मद्रास (चेन्नई)

**( ङ )** 1. यूरोपीय भारत में व्यापार करने के लिए आए थे।
2. प्लासी का युद्ध बंगाल के नवाब सिराज-उद-दौला और अंग्रेजों के बीच लड़ा गया था क्योंकि नवाब को अंग्रेजों द्वारा किलों का निर्माण करना और उसमें अपनी सेना रखना पसन्द नहीं था।
3. यूरोपीय व्यापारियों द्वारा अपनाई गई 'फूट डालो और राज करो' की नीति ने उन्हें भारत में अपना साम्राज्य बनाने में सहायता की।
4. राजा और नवाब अंग्रेजों से नाखुश थे क्योंकि उन्होंने ऐसे कानून बनाए थे जिनके द्वारा वे राजाओं के राज्य पर कब्जा कर सकते थे। राजाओं के पास आपस में सन्धि और मित्रता करने की शक्ति नहीं थी।
5. सन् 1857 के संग्राम के कुछ प्रमुख नेताओं के नाम नाना साहब पेशवा, तांत्या टोपे, कुँवर सिंह, लियाकत अली और दो महिलाएँ-झाँसी की रानी लक्ष्मीबाई और अवध की बेगम हजरत महल थी।
6. स्वतन्त्रता का पहला युद्ध (सन् 1857) स्वतन्त्रता के लिए हमारे संघर्ष में एक मील का पत्थर था। हालाँकि यह एक असफलता थी, इसने भारतीयों के दिल में स्वतन्त्रता के लिए एक आग जला दी।

### कीजिए और सीखिए

**( च )** स्वयं करें।
**( छ )** स्वयं करें।

❑

# 13. संघर्ष की शुरुआत

### कक्षा गतिविधि

1. अतिवादी 2. सती 3. क्रान्तिकारी 4. उदारवादी
5. स्वदेशी

### पढ़ें और उत्तर दें

**( क )** 1. (b), 2. (d), 3. (d).
**( ख )** 1. याचिकाएँ 2. फूट डालो और राज करें 3. स्वदेशी 4. नरमपंथी
5. खत्म
**( ग )** 1. (iv), 2. (iii), 3. (i), 4. (ii), 5. (v)

**(घ)** 1. जिन्हें सुधारकों ने भारतीय समाज से दूर करने के लिए जोर दिया उन तीन सामाजिक बुराइयों के नाम निम्नलिखित हैं—

(i) सती-प्रथा (विधवा को जला देना)

(ii) विधवाओं को पुनर्विवाह न करने देना

(iii) जन्म लेते ही कन्या को मार देना।

2. भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस का गठन सन् 1885 में हुआ। इसका गठन ब्रिटिश सरकार का ध्यान भारतीयों की समस्याओं और माँगों की ओर आकर्षित करने के लिए किया गया।

3. काँग्रेस की आरम्भिक वर्षों में माँगे अपने देश के प्रशासन में अधिक से अधिक भारतीयों को नियुक्त करने, प्रेस की सेंसरशिप को हटाने और बार-बार पड़ने वाले अकालों का समाधान करने की थीं।

4. बाल गंगाधर तिलक, बिपिन चन्द्र पाल, लाला लाजपत राय और वी.ओ.सी. पिल्लई आदि काँग्रेसी नेता थे जो कठोर कदम उठाने में विश्वास रखते थे।

5. जब अंग्रेज राष्ट्रीय आन्दोलन को कानून बनाकर भी नहीं दबा सके तो उन्होंने 'फूट डालो और राज करो' की नीति अपनाई। उन्होंने लोगों को हिन्दू और मुसलमानों में विभाजित करने की योजना बनाई।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें

❑

# 14. भारत स्वतन्त्र हुआ

### कक्षा गतिविधि

1. गणतन्त्र
2. सच्ची या उचित माँगों के लिए आग्रह
3. अहिंसा आन्दोलन
4. पूर्ण स्वतन्त्रता का
5. आजाद हिन्द फौज

### पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (b), 2. (c), 3. (a)

**(ख)** 1. (✗), 2. (✓), 3. (✓), 4. (✗)

**(ग)** 1. (iv), 2. (i), 3. (ii), 4. (iii).

**(घ)** 1. देश की यात्रा में गाँधी जी ने अंग्रेजों द्वारा भारतीयों की दयनीय स्थिति और दमन देखा। उन्होंने भारतीय समाज में कई सामाजिक बुराइयों जैसे अस्पृश्यता, महिलाओं की खराब स्थिति आदि को भी देखा।

2. 13 अप्रैल सन् 1919 को दो स्थानीय नेताओं की गिरफ्तारी के विरोध में लगभग 20,000 लोग जलियाँवाला बाग, अमृतसर में एकत्रित हुए थे। ब्रिटिश अधिकारी

जनरल डायर अपने सैनिकों के साथ वहाँ पहुँचा, उसने एकमात्र द्वार को अवरुद्ध कर दिया और गोली चलाने का आदेश दिया। नतीजतन, इस नरसंहार में सैकड़ों पुरुषों, महिलाओं और बच्चों की मौत हो गई।

3. उत्तर प्रदेश में चौरी-चौरा नामक स्थान पर लोग पुलिस क्रूरता को सहन नहीं कर सके। उन्होंने थाने पर हमला किया और इसमें आग लगा दी, जिसमें कुछ पुलिस कर्मचारी मारे गए। गाँधी जी को इस तरह की हिंसा पसन्द नहीं आई और उन्होंने असहयोग आन्दोलन को तुरन्त वापस लेने का निर्णय किया।
4. भारत छोड़ो आन्दोलन का नारा 'करो या मरो' था, जिसका मतलब था कि या तो हम स्वतन्त्रता लेंगे या स्वतन्त्रता के लिए लड़ते हुए अपना बलिदान देंगे।
5. भारतीयों ने काले झण्डे और 'साइमन वापस जाओ' के नारों के साथ साइमन आयोग का स्वागत किया।
6. नमक कानून तोड़कर गाँधीजी अंग्रेजों को दिखाना चाहते थे कि लोग अब ब्रिटिश कानून का पालन नहीं करेंगे।
7. ब्रिटिश सरकार ने 'भारत सरकार अधिनियम, 1935' के तहत देश को ग्यारह प्रान्तों में विभाजित किया। चुनाव के आधार पर प्रान्तों में अपनी अलग-अलग सरकार होगी। केन्द्र में भारतीय प्रान्तों और रियासतों का एक संघ बनाया गया था। इस व्यवस्था को प्रान्तीय स्वायतता के रूप में जाना जाता था।

### कीजिए और सीखिए

**(ङ)** स्वयं करें।
**(च)** स्वयं करें।
**(छ)** स्वयं करें।

❑

# 15. संयुक्त राष्ट्र की स्थापना

### कक्षा गतिविधि

1. (iii), 2. (iv), 3. (ii), 4. (i).

### पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (c), 2. (b), 3. (c), 4. (c), 5. (a)

**(ख)** 1. सन् 1945 2. घोषणा 3. कम 4. नागासाकी 5. संयुक्त राज्य अमेरिका

**(ग)** 1. (✓), 2. (✓), 3. (✗), 4. (✗), 5. (✗)

**(घ)** 1. मशीनों द्वारा बड़े पैमाने पर उत्पादन के कारण यूरोपीय देशों ने भारी सम्पत्ति अर्जित की। वे पिछड़े देशों से कच्चा माल बहुत कम कीमत पर खरीदते थे और तैयार माल उन्हीं देशों को ऊँची कीमत पर बेचते थे।

2. औद्योगिक क्रान्ति के दौरान यूरोपीय देशों ने बहुत अधिक लाभ कमाया और बहुत धनी हो गए। इंग्लैण्ड, फ्रांस, जर्मनी, स्पेन, पुर्तगाल और नीदरलैण्ड कुछ ऐसे ही यूरोपीय देश थे। उनकी बढ़ती हुई सम्पत्ति ने उन्हें एक-दूसरे के प्रति ईर्ष्यालु बना दिया, इसलिए वे आपस में लड़ने लगे। अंतत: यह विश्व युद्धों का कारण बना।
3. यह युद्ध जो कई देशों के बीच तथा विश्व के अधिकांश भागों में लड़ा जाता है, विश्वयुद्ध कहलाता है।
4. दूसरे विश्वयुद्ध के दौरान लाखों लोग मारे गए या घायल हुए। बहुत से बड़े नगर और कस्बे नष्ट हो गए। जीवित प्राणी और निर्जीव वस्तुएँ सभी राख में बदल गए, जिसके कारण विचित्र रोग फैले।
5. संयुक्त राष्ट्र की स्थापना 24 अक्टूबर, 1945 को की गई। किसी भी प्रकार के युद्ध, चाहे वह बड़ा हो या छोटा, को टालकर वैश्विक शान्ति और सुरक्षा लाने के लिए की गई।
6. संयुक्त राष्ट्र के तीन प्रमुख उद्देश्य निम्नलिखित हैं—
   (i) बड़े या छोटे किसी भी युद्ध को रोकना जिससे अन्तर्राष्ट्रीय शान्ति और सुरक्षा बनी रहे।
   (ii) मानवाधिकारों के प्रति सम्मान को बढ़ावा देना।
   (iii) प्रत्येक राष्ट्र के सहयोग से आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक और मानवीय समस्याओं को दूर करना।

**7.** चार प्रमुख मानव अधिकार निम्नलिखित हैं—
   (i) प्रत्येक व्यक्ति को स्वतन्त्र नागरिक के रूप में जीने का अधिकार होना चाहिए।
   (ii) प्रत्येक व्यक्ति को शिक्षा का अधिकार होना चाहिए।
   (iii) सभी लोगों को किसी भी पेशे या व्यवसाय का अभ्यास करने और अपना जीवनयापन करने का अधिकार होना चाहिए।
   (iv) सभी लोगों को एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाने का अधिकार होना चाहिए।

**8.** संसार की पाँच वर्तमान समस्याएँ निम्नलिखित हैं—
   (i) विश्व शान्ति (ii) सुरक्षा
   (iii) निरक्षरता, गरीबी (iv) खराब स्वास्थ्य
   (v) जनसंख्या विस्फोट

**कीजिए और सीखिए**

**(ङ)** स्वयं करें।

**(च)** स्वयं करें।

❑

# 16. संयुक्त राष्ट्र एवं इसके अंग

## कक्षा गतिविधि

1. संयुक्त राष्ट्र शिक्षा, विज्ञान और संस्कृति संगठन
2. खाद्य एवं कृषि संगठन
3. संयुक्त राष्ट्र अन्तर्राष्ट्रीय आकस्मिक बाल निधि
4. विश्व स्वास्थ्य संगठन

## पढ़ें और उत्तर दें

**(क)** 1. (b), 2. (b), 3. (b)

**(ख)** 1. (ii), 2. (iv), 3. (i), 4. (v), 5. (iii).

**(ग)** 1. (✓), 2. (✗), 3. (✓), 4. (✓), 5. (✗).

**(घ)** संयुक्त राष्ट्र के प्रमुख अंग निम्नलिखित हैं—

1. सुरक्षा परिषद्, महासभा, आर्थिक एवं सामाजिक परिषद, न्यास या संरक्षण परिषद, अन्तर्राष्ट्रीय न्यायालय एवं सचिवालय है।
2. संयुक्त राष्ट्र में सुरक्षा परिषद को सबसे अधिक शक्ति प्राप्त है। इसका कार्य संसार में शान्ति और सुरक्षा बनाए रखना है।
3. संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्रिटेन, रूस, फ्रांस और चीन सुरक्षा परिषद के स्थायी सदस्य हैं।
4. महासभा का कार्य उन सभी समस्याओं पर चर्चा करना है, जो विश्व शान्ति को प्रभावित कर सकती है।
5. यूनिसेफ गरीब और बीमार माताओं और बच्चों की सहायता करता है। यह उन्हें दवाई, भोजन और सलाह देता है तथा रोगों पर नियन्त्रण पाने में सहायता करता है। यह सदस्य देशों को बेहतर और मानसिक विकास में सहायता करता है।
6. यूनेस्कों का मुख्य उद्देश्य लोगों को शिक्षित करना है, चाहे वह युवा हो या वृद्ध। यह लोगों को ज्ञान प्रदान करता है। संस्कृति के क्षेत्र में लोगों को पुराने स्मारकों के संरक्षण के लिए विशेष सलाह और प्रशिक्षण दिया जाता है।
7. विश्व स्वास्थ्य संगठन लोगों को स्वास्थ्य देखभाल सिखाकर और टीका लगाकर बीमारियों को, महामारी को रोकने का काम करता है। यह जरूरतमंद देशों को दवाईयाँ भेजता है और स्वास्थ्य कर्मियों को नई दवाईयों का इस्तेमाल करना सिखाता है।
8. संयुक्त राष्ट्र की तीन उपलब्धियाँ निम्नलिखित हैं—
   - (i) इसकी संस्थाओं की सहायता से विभिन्न देश अज्ञानता, रोग और गरीबी को दूर करने में सहयोग कर रहे हैं।
   - (ii) संयुक्त राष्ट्र ने एक और विश्व युद्ध के प्रकोप को रोका है।
   - (iii) यह परमाणु हथियार, शस्त्र के प्रसार और उपयोग की जाँच करने का भी प्रयास कर रहा है।

**कीजिए और सीखिए**

**(ङ)** एंटोनियो गुटेरेस **(च)** स्वयं करें।

**(छ)** स्वयं करें।

❑

# अर्द्धवार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

**नोट**—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**पढ़े और उत्तर दें**

**(क)** 1. (d), 2. (c), 3. (c), 4. (b), 5. (a).

**(ख)** 1. समान 2. बन्तू 3. वेल्ड 4. उत्तर-पूर्व 5. नूक

**(ग)** 1. (✗), 2. (✗), 3. (✗), 4. (✗), 5. (✓)

**(घ)** 1. (ii), 2. (iv), 3. (v), 4. (iii), 5. (i)

**(ङ)** 1. उत्तर, दक्षिण, पूर्व, पश्चिम

2. सड़क, रेलमार्ग, नगर, महानगर

3. दिशाएँ, दूरी, रंग योजना, संकेत

4. राजनीतिक, भौतिक, जलवायु, वनस्पति

5. सीमाएँ, राजधानियाँ, सड़कें, नदियाँ

**(च)** 1. ध्रुव 2. देशान्तर रेखाएँ 3. कक्षा 4. विषुवत रेखा

5. 90 6. धुरी

**(छ)** 1. गंगा, राईन, यांग्त्सेक्यांग

2. मास्को, पेरिस, न्यूयॉर्क

3. जेट प्लेन, जंबो जेट, फाइटर प्लेन

4. कार्गो, तेल टैंकर, लक्जरी लाइनर

5. न्यूयॉर्क, लन्दन, टोक्यो

6. राजधानी एक्सप्रेस, बुलेट ट्रेन, ग्रैंड वितैसे

7. ग्राण्ड ट्रंक रोड, बर्मा रोड, इण्डो-तिब्बत रोड

**(ज)** 1. ग्लोब पर पूर्व से पश्चिम की ओर खींची गई वृत्ताकार रेखाओं को अक्षांश रेखाएँ कहते हैं। ये रेखाएँ ग्लोब के चारों ओर एक-दूसरे के समानान्तर होती हैं जबकि उत्तरी ध्रुव से दक्षिणी ध्रुव तक खींची गई अर्द्ध-वृत्ताकार रेखाओं को देशान्तर रेखाएँ कहते हैं। ये एक-दूसरे के समानान्तर नहीं होती हैं।

2. काँगों लोकतान्त्रिक गणराज्य में प्रतिदिन वर्षा इसलिए होती है क्योंकि यह अफ्रीका के पश्चिमी तट पर स्थित हैं। विषुवत रेखा लगभग इसके मध्य से होकर गुजरती है। यहाँ दोपहर तक गर्मी बहुत अधिक बढ़ जाती हैं। गर्मी से झीलों, नदियों और तालाबों का बहुत अधिक जल वाष्प बनकर उड़ जाता है और दोपहर को भारी वर्षा होती है।

3. बद्दू लम्बे, ढीले सफेद चोगे पहनते हैं और सिर को वे पगड़ी या बड़े रुमाल से ढ़के रहते हैं। वे ऐसे वस्त्र इसलिए पहनते हैं जिससे सूर्य की भयंकर गर्मी और रात की ठण्ड से बचे रहें।
4. एस्कीमों लोगों के जीवन में आधुनिक काल में हुए चार परिवर्तन निम्नलिखित हैं—
   (i) अनेक एस्कीमों लकड़ी के बने आधुनिक मकानों में रहते हैं।
   (ii) वे शिकार के लिए राइफल और मछली पकड़ने के लिए मोटर बोट का उपयोग करते हैं।
   (iii) वे जमी हुई मछली और समूर का निर्यात भी करते हैं।
   (iv) वे बड़ी तेल कम्पनियों में और सड़क निर्माण में कार्य कर रहे हैं।
5. संसार का सबसे महत्त्वपूर्ण जलमार्ग (लन्दन से न्यायॉर्क तक) उत्तरी अटलांटिक है। यह यूरोप को अमेरिका से जोड़ता है।

❑

# वार्षिक परीक्षा प्रतिदर्श प्रश्न-पत्र

**नोट**—सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

**(क)** 1. (a), 2. (d), 3. (b), 4. (b), 5. (b)

**(ख)** 1. रेडियो 2. अंग्रेजों 3. नरमपंथी 4. घोषणा 5. नागासाकी

**(ग)** 1. (✗), 2. (✓), 3. (✗), 4. (✓), 5. (✓)

**(घ)** 1. (ii), 2. (vi), 3. (iv), 4. (v), 5. (iii), 6. (i)

**(ङ)** 1. मिस्त्र, चीन 2. सुमेरियन, ब्राह्मी
3. लेटर प्रेस, ऑफसेट प्रेस 4. देवनागरी, रोमन
5. बाँस, मुलायम लकड़ी का गूदा

**(च)** 1. बहादुर शाह जफर, तांत्या टोपे, कुँवर सिंह
2. हॉलैण्ड, फ्रांस, ब्रिटेन
3. कपास, नील, रेशम
4. सूरत, बम्बई (मुम्बई), मद्रास (चेन्नई)

**(छ)** 1. अतिवादी 2. सती 3. क्रान्तिकारी 4. उदारवादी
5. स्वदेशी

**(ज)** 1. शून्य की अवधारणा का आविष्कार भारतीयों ने किया था। इसके (0) के साथ गिनना बहुत आसान हो गया। संख्याओं की यह दशमलव प्रणाली अरब पहुँची, जिनके माध्यम से यह यूरोप पहुँची और इण्ड़ो-अरेबिक संख्याएँ कहलायीं, बाद में ये अन्तर्राष्ट्रीय नम्बर बन गए।

2. प्लासी का युद्ध बंगाल के नवाब सिराज-उद-दौला और अंग्रेजों के बीच लड़ा गया था क्योंकि नवाब को अंग्रेजों द्वारा किलों का निर्माण करना और उनमें अपनी सेना रखना पसन्द नहीं था।
3. बाल गंगाधर तिलक, बिपिन चन्द्रपाल, लाला लाजपत राय और वी.ओ.सी. पिल्लई आदि काँग्रेसी नेता थे जो कठोर कदम उठाने में विश्वास रखते थे।
4. भारत छोड़ो आन्दोलन का नारा 'करो या मरो' था, जिसका मतलब था कि या तो हम स्वतन्त्रता लेंगे था स्वतन्त्रता के लिए लड़ते हुए अपना बलिदान देंगे।
5. संयुक्त राष्ट्र की तीन उपलब्धियाँ निम्नलिखित है—
   (i) इसकी संस्थाओं की सहायता से विभिन्न देश अज्ञानता, रोग और गरीबी को दूर करने में सहयोग कर रहे हैं।
   (ii) संयुक्त राष्ट्र ने एक और विश्व युद्ध के प्रकोप को रोका है।
   (iii) यह परमाणु हथियार, शस्त्र के प्रसार और उपयोग की जाँच करने का भी प्रयास कर रहा है।

❑